हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 04 अंक–153 : जौनपुर, शानिवार 06 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## डिप्टी सीएम बोले– मैं भी मानता हूं कि महंगाई बढ़ी है: सरकार द्वारा नियंत्रित करने का प्रयास जारी है

लखनऊ ब्यूरो : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को जिले के दौरे पर नैमिषारण्य पंहुचे। जहां दर्शन पूजन किया साथ ही विकास कार्यो की समीक्षा की। इसमें अमृत सरोवरों को 15 अगस्त तक पूरा करने पर उनका खास जोर रहा।इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर निर्माण की नींव रखी गई थी। इसी तारीख को ही कश्मीर से धारा 370 को हटाया गया था। जश्न का दिन था लेकिन कांग्रेस के लोगों ने अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए काले कपड़ो में प्रदर्शन किया।कांग्रेस महंगाई पर प्रलाप करके अपने अतीत से लोगों का ध्यान हटाना चाहती है। उन्होंने कहा कि मंहगाई से दुनिया के बहुत से देश जूझ रहे हैं। मैं भी मानता हूं कि महंगाई बढ़ी है और सरकार इसको कम करने के लिए हर सम्भव कदम उठा रही है। कहा कि कोविड का प्रभाव पूरे विश्व में रहा है। विपरीत हालत में भी पीएम मोदी ने जरूरतमंदों को राशन का वितरण कराया।उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव सत्ता से बेदखल होने पर विचलित होकर अनाप शनाप बयान दे रहे हैं। उनकी सरकार से हटकर बीजेपी ने 5 साल में पारदर्शी और दंगा मुक्त शासन दिया है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 75 साल पूरे हो रहे है। 15 अगस्त का दिन उन लोगों को याद करने का है जिन्होंने इस देश



के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर किया।उप मुख्यमंत्री सबसे पहले पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे। जहां पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।, उसके बाद उनका काफिला मां ललिता देवी मंदिर पहुंचा। जहां उन्होंने मंदिर पुजारियों के सानिध्य में पूजन अर्चना की। इसके बाद वह चक्रतीर्थ पहुंचे। जहां उन्होंने पुजारी राजनाथ पांडेय से तीर्थ का महत्व जानने के बाद आचार्य सचिन पांडेय के सानिध्य में तीर्थ स्थल में पूजन अर्चना की।इसी कड़ी में उप मुख्यमंत्री हनुमानगढ़ी पहुंचे और यहां पर उन्होंने बजरंगदास हनुमान जी के सानिध्य में रामभक्त हनुमान की पूजा आराधना की। इसके बाद उपमुख्यमंत्री देवदेवेश्वर धाम पहुंचे यहां पर उन्होंने सपरिवार महादेव का जलाभिषेक किया।

## 21 अगस्त को बागपत–गाजियाबाद जैन तीर्थ पर पहुॅचेंगे हजारो श्रद्धालुगण

बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन। 21 अगस्त को उत्तर भारत के प्रसिद्ध जैन तीर्थो में शुमार अतिशय क्षेत्र जय शांतिसागर निकेतन मंडोला गाजियाबाद के प्रसिद्ध जैन संत ऐल्लक श्री 105 विज्ञानसागर जी महाराज का 50 वां अवतरण दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम शांतिसागर निकेतन मंड़ौला से पश्चिम की और सुभानपुर गांव के लिए जाने वाले रास्ते पर डेढ़ किलोमीटर दूरी पर स्थित आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला सुभानपुर में आयोजित किया जायेगा। महाराज श्री के 50वें जन्म जयंती महोत्सव में बागपत, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, सोनीपत सहित उत्तर भारत से हजारों जैन श्रद्धालुगण शामिल होंगे। जन्म जयंती महोत्सव में महाराज श्री के पाद प्रक्षालन, पिच्छी परिवर्तन, शास्त्र भेंट महत्वपूर्ण आकर्षण का केन्द्र होंगे। इस अवसर पर जैन श्रावकों को जैन रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जायेगा। आयोजक आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला कमेटी ने बताया कि महाराज श्री का जन्म जयंती महोत्सव प्रसिद्ध जैन संत मुनि श्री नमिसागर जी, मुनि श्री सहजानंद जी, क्षुल्लक अनन्तसागर जी के पावन सानिध्य में






मनाया जायेगा। बताया कि आने वाले सभी श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी है। आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला कमेटी के अध्यक्ष मनीष जैन पटवारी, महामंत्री संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष रजनेश जैन, अतिशय क्षेत्र जय शान्तिसागर निकेतन परिवार के अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन, महामंत्री मुकेश जैन, नंदिनी दीदी, रिजुता दीदी सहित उत्तर भारत के विभिन्न मंदिरों की कमेटिया महाराज श्री के 50 वें जन्म जयन्ती महोत्सव को यादगार बनाने के लिए कार्य कर रही है।

## बच्ची को स्कूल में बंद कर चले गए टीचर:ढूंढता हुआ पहुंचा पिता तो इस हाल में मिली बेटी

बरेली एजेंसी : पांच साल की छात्रा को फतेहगंज पूर्वी के गांव निवड़िया में स्थित कंपोजिट विद्यालय का स्टाफ छुट्टी के बाद स्कूल में बंद करके चला गया। एक घंटे बाद छात्रा का पिता उसे ढूंढते हुए स्कूल पहुंचा तो आंगनबाड़ी केंद्र के एक कक्ष में वह बैठी मिली। छात्रा के पिता ने फोन करके मामले की शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी से की तो उन्होंने कंपोजिट विद्यालय के स्टाफ का स्पष्टीकरण तलब किया है।निवड़िया गांव में रहने वाले संजीव मिश्रा की पांच साल की बेटी निहारिका गांव में ही स्थित कंपोजिट विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ती है। उसका बड़ा भाई वंश भी इसी स्कूल में कक्षा एक पढ़ता है। शुक्रवार को दो बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद वंश तो घर पहुंच गया, लेकिन निहारिका नहीं पहुंची। इस पर उसकी दादी स्कूल पहुंची तो वहां मिले एक कर्मचारी ने बताया कि छुट्टी के बाद सभी बच्चे घर जा चुके हैं। वह घर पहुंची और अपने बेटे संजीव को बताया। करीब पौन घंटे तक संजीव बेटी को गांव में ढूंढते रहे। जब उसका कहीं पता नहीं चला तो तलाश करते हुए स्कूल पहुंचे। स्कूल के गेट पर ताला पड़ा होने पर वह गेट कूदकर परिसर के अंदर दाखिल हुए। वहां आंगनबाड़ी केंद्र के एक कमरे में निहारिका गुमसुम सहमी हुई बैठी मिली। संजीव उसे निकालकर घर लेकर आए। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी शशांक शेखर मिश्रा को फोन करके की।कुछ समय पहले भी हो गई थी लापता पिता को बच्ची जिस कमरे में बैठी मिली उसका दरवाजा खुला हुआ था। स्कूल परिसर के सिर्फ गेट पर ताला पड़ा था। ग्रामीणों का कहना है कि बच्ची या तो कमरे में सो गई होगी या फिर खुद ही वहां छिपकर बैठी होगी। उन्होंने बताया कि बच्ची कुछ दिन पहले भी इसी तरह पड़ोस के एक घर में छिप गई थी। परिजन के काफी तलाश करने पर वह मिली थी। बताया कि स्कूल जिस रास्ते पर है उस पर हर समय आवाजाही रहती है, आसपास में कई घर भी हैं। ऐसे में यदि वह आवाज लगाती या रोती तो किसी न किसी को पता चला जाता।वहीं स्कूल की प्रिंसिपल निर्मला देवी का कहना है कि बच्ची की दादी स्कूल आई थी और वह उसका बैग ले गई थीं, इसलिए स्टाफ को लगा होगा कि वह अपने भाई के साथ घर चली गई होगी।

## भाजपा की जिला बैठक में हर घर तिरंगा अभियान पर बनी रणनीति : जनप्रतिनिधियों को दिया गया अहम निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप मे जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी उपस्थित रहे। 9 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक देश में तिरंगे को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं इस पर चर्चा हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुये जिला प्रभारी एव पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी ने कहा कि 9 से 11 अगस्त के बीच प्रभातभेरी निकालकर इसका प्रचार किया जाए. प्रभातफेरी में रघुपति राघव राजा राम और वंदे मातरम् जैसे गीत बजाए जाएं। इन कार्यक्रम में हर जनप्रतिनिधि को मौजूद रहना होगा।उन्होंने यह भी कहा कि 10 से 12 अगस्त के बीच बीजेपी युवा मोर्चा की तिरंगा बाइक यात्रा भी निकाली जाए। 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए और 15 अगस्त को देखते हुए 11 अगस्त को सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई भी की जाएगी।जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह मंडल अध्यक्ष से वृत्त लिया और कहा कि अमृत महोत्सव के कार्यक्रम के तहत जिलें के हर वासी वह अपने घर पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराए और हर घर तिरंगा अभियान को आगे बढ़ाएं। इस कार्यक्रम के तहत जिलें मे भाजपा संगठन का लक्ष्य है कि जिले के 1.5 लख घरों में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक देश का तिरंगा फहराया जाए।कार्यक्रम को राज्य सरकार मे स्वतंत्र प्रभार मंत्री गिरीश चन्द यादव, विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की।उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, संतोष सिंह, राकेश वर्मा, संदीप सरोज, जिला मंत्री रविंद्र सिंह राजू दादा, उमाशंकर सिंह, प्रमोद यादव, राज पटेल,



विपिन द्विवेदी, ओमप्रकाश सिंह, शशि मौर्य, पुर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, नगरपालिका अध्यक्ष गीता जायसवाल, शिवगोविन्द साहू, ब्लाक प्रमुख गण संजय सिंह, उमेश तिवारी, बृजेश यादव, सुनील यादव मम्मन, खुशबू सिंह, पवन पाल, धनंजय सिंह, भूपेन्द्र सिंह, हर्षु पाठक, आमोद सिंह, सिद्धार्थ राय, रोहन सिंह, रागिनी सिंह, विमला श्रीवास्तव, कनक सिंह, बेचन पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, मेराज हैदर, विनीत शुक्ला, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, मण्ड़ल अध्यक्ष गण विनोद शर्मा, बलवीर गौंड, यादवेंद्र सिंह, विनोद मौर्य, अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, राजकेशर पाल, धर्मेंद्र मिश्रा, मदन सोनी, सुनील अग्रहरि, भोला सिंह, रामस्वारथ बिन्द, हृदय नारायण शुक्ला, वंशबहादुर पाल, भूपेश सिंह, जितेन्द्र मिश्रा, शैलेश सिंह, अजय मिश्रा, नरेन्द्र विश्वकर्मा, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, महेंद्र बिन्द, संतोष गुप्ता, चन्द्रेश गुप्ता, दिलीप शर्मा, केशव तिवारी, दिनेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह प्रमोद् सिंह, सुरेन्द्र पाठक, संजय सिंह, अवधेश सोनकर, दीपक पाण्डेय, उर्वशी सिंह, पूनम विश्वकर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से हो सकता है मंकीपॉक्स

जौनपुर सू.वि. : मंकीपॉक्स के प्रति जागरूकता को लेकर जनपद का स्वास्थ्य विभाग सक्रिय है। जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्यकर्मियों को इस संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें मंकीपॉक्स, चिकनपॉक्स और खसरा में अंतर बताया जा रहा है। सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने एल–1 और एल–2 चिकित्सालय पर बेड आरक्षित करने का निर्देश दिया है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षकों? प्रभारियों को ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराने को कहा गया है। सम्भावित मरीजों को तत्काल आइसोलेट कर जिला मुख्यालय पर जानकारी देने को कहा गया है। सीएमओ कार्यालय सभागार में शनिवार को मेडिकल अफसरों को बतौर मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद वह अपने–अपने ब्लाकों में स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। चार अगस्त से लगातार चल रही सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की ट्रेनिंग में भी केराकत, डोभी, मुफ्तीगंज, जलालपुर, बक्शा सहित अन्य ब्लाक के सीएचओ को मंकीपॉक्स के बारे में भी प्रशिक्षित गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि मंकीपाक्स में विदेश से आए व्यक्ति की 21 दिन की हिस्ट्री देखी जाती है। यदि उसे तेज बुखार, कांख और जांघ में गिल्टियों के अंदर सूजन, बदन दर्द, सिरदर्द की शिकायत के साथ ही शरीर पर चिकनपॉक्स के दाने से बड़े दाने पाये जायें, दानों में पानी की तरह पस भरा हो, ऐसे दाने हथेलियों और तलवों पर भी पाये जायें, मरीज को थकान ज्यादा लगे तो ये सभी मंकीपॉक्स के लक्षण हो सकते हैं। मंकी पॉक्स में बुखार और दाने दो से तीन दिन बाद दिखाई पड़ते हैं। प्रभारी जिला सर्विलांस अधिकारी (डीएसओ) डॉ0 संतोष कुमार जायसवाल ने बताया कि मंकीपाक्स एक संक्रामक रोग है जो संक्रमित इंसान के माध्यम से किसी को भी हो सकता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने, उसके दाने के सम्पर्क में आने, दाना सूखने के बाद बनी पपड़ी के सम्पर्क में आने या शारीरिक संबंध के दौरान किसी को भी मंकीपाक्स हो सकता है। इस दौरान एसीएमओ डॉ राजीव कुमार ने बताया कि मंकीपाक्स के मरीजों में मृत्यु दर चार से छह प्रतिशत ही है। चिकनपॉक्स में तो न के बराबर है जबकि खसरा के मामले में यदि समय से रोकथाम कर लक्षण के अनुसार दवा एवं विटामिन–ए सॉल्यूशन दिया जाता है तो ज्यादातर मौत नहीं हो पाती। मरीज को जटिलताओं से बचाया जा सकता है। खसरा में जटिलताओं की वजह से मौत हो जाने की भी



आशंका रहती है। जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ जिया उल हक ने चिकनपॉक्स, मंकीपाक्स और खसरा के बीच के अंतर को समझाया। उन्होंने कहा कि मंकीपाक्स के दाने काफी बड़े जबकि चिकनपाक्स के अपेक्षाकृत काफी छोटे होते हैं। खसरा में दाने बिल्कुल ही छोटे होते हैं। खसरा के दाने लाल होते हैं जबकि चिकनपॉक्स के दानों में पानी की तरह पस भरा होता है। मंकीपाक्स के दाने ज्यादा बड़े और उसके अंदर भरा पस पीले रंग का दिखाई पड़ता है। मंकीपाक्स के दाने धीरे–धीरे बढ़ते हैं जबकि चिकनपॉक्स और खसरा के दाने अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ते हैं। मंकी पॉक्स के दाने पूरे शरीर के साथ ही हथेली और तलवों पर पाये जाते हैं जबकि चिकन पॉक्स के दाने पेट, पीठ, दोनों हाथों और चेहरे पर पाये जा सकते हैं लेकिन हथेलियों और तलवों पर बिल्कुल नहीं पाये जाते हैं। खसरा के दाने चेहरे से निकलना शुरू होते हैं, फिर हाथ–पैर व शरीर के अन्य हिस्सों पर फैलते हैं। मंकीपॉक्स में लिम्फ एडेनौपैथी (गिल्टियों में सूजन) पाई जाती है जबकि चिकन पॉक्स में ऐसा नहीं होता। खसरा में भी कभी–कभी गिल्टियों में सूजन हो सकती है। उन्होने कहा कि मंकीपॉक्स एक डीएनए वायरस है जिसका संबंध आर्थोपॉक्स वायरस से है। यह एक वायरल जेनेटिक (जानवरों वाली) बीमारी है। इसके ज्यादातर लक्षण स्मॉल पॉक्स (चेचक) से मिलते–जुलते है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ऐसे मरीज चिह्नित होने पर घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि उन्हें आइसोलेट कर देना चाहिए। इसके बाद नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र या जिला मुख्यालय को सूचित करना चाहिए।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## स्कूली बच्चों ने की घर–घर तिरंगा लहराने की अपील

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव के अर्न्तगत जहां घर–घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। वही राजाजीपुरम् स्थित सेंट जोसेफ कालेज में बच्चों के साथ प्रधानाचार्या, शिक्षक–शिक्षिकाओं



ने एक साथ तिरंगा उत्सव मनाया। सैकड़ों की संख्या में छोटे बड़े सभी ने एक साथ लहरा दो–लहरा दो भारत का परचम लहरा दो की धुन पर तिरंगे को लहरा कर अपनी आजादी की पचहत्तरवी वर्षगांठ का मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुये जमकर डांस किया और फेस पेण्टिग के माध्यम से लोगों को आगामी तेरह अगस्त से पन्द्रह अगस्त तक घर–घर जिरंगा हर घर तिरंगा लहराने का संदेश दिया। इस अवसर पर सेंट जोसेफ समूह के प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल भी बच्चों साथ तिरंगा महोत्सव में उपस्थित थे।

## कैंपियरगंज तहसील में क्षेत्रीय विधायक डीएम एसएसपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : संपूर्ण समाधान तहसील दिवस कैंपियरगंज विधायक फतेह बहादुर के अध्यक्षता में फरियादियों की समस्या को



जिलाधिकारी ने कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर आए हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना संबंधित को निराकरण करने का दिया निर्देश सीडीओ संजय कुमार मीना एसडीएम कैंपियरगंज पंकज दीक्षित रहे मौजूद।

## आंदोलन के बाद कम्हरिया घाट पुल तैयार : छोटे वाहनों का आवागमन शुरू

गोरखपुर ब्यूरो : जिले के सरयू नदी के कम्हरिया घाट पर बने पुल से छोटे वाहनों का आवागमन शुक्रवार से शुरू हो गया। जल्द ही लोकार्पण होगा, फिर बड़े वाहनों को आवागमन भी शुरू होगा। पुल बनने से गोरखपुर से अंबेडकरनगर, आजमगढ़, प्रयागराज, जौनपुर, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ की यात्रा आसान हो गई है। इन जिलों की दूरी कम समय में ही तय की जा सकेगी।कम्हरिया घाट पुल करीब आठ साल में बनकर तैयार हुआ है। इसका निर्माण 2014 से शुरू हुआ था। 193 करोड़ रुपये बजट मिला, लेकिन नागपुर की कंपनी खरे एंड तारकुंडे समय से काम पूरा नहीं करा सकी। लिहाजा, कंपनी का ठेका निरस्त कर दिया गया। ब्रिज कारपोरेशन ने काम तेज कराया और पुल बनकर तैयार हो गया।इससे क्षेत्र की जनता उत्साहित है। यह पुल तीन जिलों (गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेड़करनगर) को आपस में जोड़ देगा। इन जिलों से होकर दूसरे जिलों की दूरी आसानी से तय की जा सकेगी।आंदोलन के बाद बन सका पुल बेलघाट विकास खंड के सरयू नदी पर पुल बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। लेकिन, सरकारें इसे अनसुना रही थीं। 2013 सत्यवंत सिंह की अगुवाई में आंदोलन शुरू हो गया। देखते ही देखते आंदोलन बड़ा हो गया। अंबेडकरनगर के लोग भी समर्थन में उतर आए।इस बीच आंदोलनकारियों ने जल समाधि लेने की धमकी दी। इसे देखते हुए ही प्रशासन ने जल पुलिस की तैनाती कराई। कुछ दिन बाद सत्यवंत सिंह व भिखारी प्रजापति नदी में कूद पड़े, लेकिन पहले से तैनात जल पुलिस ने उन्हें बचा लिया। यह बात शासन तक पहुंची तो पुल निर्माण कराने की घोषणा हो गई।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिये यह साबुन का काम करती है–**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# सम्पादकीय

## रोजगार सृजन के मोर्चे पर रिक्ति और भर्ती में अटका युवा मन : शिक्षा में छाई सुस्ती के मायने

देश में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में एक तरफ भारी सुस्ती छाई है, दूसरी तरफ गंभीर व्यवस्थागत अराजकता है। यह स्थिति अपवाद से आगे निकलकर गैर–जिम्मेदार प्रचलन बन चुकी है। आंध्र प्रदेश में 1998 में जिला चयन समिति की परीक्षा पास करने वाले 4,500 उम्मीदवारों को अब जाकर सरकारी स्कूलों में बतौर शिक्षक नियमित नौकरी की पेशकश की गई है। नौकरी की आस में इन लोगों के कीमती 24 साल बेकार चले गए।

इसी तरह पटना के जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कई छात्रों के लिए स्नातक होने का इंतजार छह साल से भी लंबा है। पिछले कुछ वर्षों में बिहार के 17 सरकारी विश्वविद्यालयों में से 16 ने अपने शैक्षणिक सत्र समय पर पूरे नहीं किए हैं। नतीजतन, ऐसे छात्र सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन करने से चूक गए हैं। ऐसे विश्वविद्यालय शिक्षा का स्तर तो गिरा ही रहे हैं, बेरोजगारी भी बढ़ा रहे हैं।

इस तरह की दुरावस्था और लेट–लतीफी के बीच लाभ कमाने का उपक्रम जारी है। भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए काफी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। मामूली पदों पर भर्ती की तैयारी के लिए 1,000 से 4,000 रुपये, तो यूपीएससी की कोचिंग के लिए 1.5 से 2.5 लाख रुपये चुकाने पड़ते हैं। रजिस्ट्रेशन कराने का शुल्क भी आसमान छू रहा है। भारतीय रेलवे ने लगभग 2.41 लाख आवेदनों से आरआरबी–एनटीपीसी और ग्रुप–डी परीक्षाओं (2019) के लिए 864 करोड़ रुपये इकट्ठा किए।

जाहिर है कि जब तक कोई उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हो, तब तक उसकी जेब पूरी तरह ढीली हो चुकी होती है। रेलवे की नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए 2019 में 1.3 लाख पदों के लिए ग्रुप–डी की अधिसूचना के बाद से इसकी परीक्षा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। यह एक करोड़ आवेदकों के लिए 1,000 दिनों तक सूने आसमान में टकटकी बांधकर देखने जैसा था।

दिलचस्प है कि रेलवे की परीक्षाओं में रेलगाड़ियों की तुलना में ज्यादा देरी देखी गई है। इसी साल जून में तिरुवनंतपुरम में सेना भर्ती परीक्षा आयोजित करने में देरी के खिलाफ उम्मीदवारों ने राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। शारीरिक और चिकित्सा परीक्षा पास कर चुके 2,000 अभ्यर्थियों के लिए यह एक लंबा और थकाऊ इंतजार था। इनमें से कई तो अब 23 वर्ष से अधिक के हैं और इनके लिए नौकरी का पहला प्रयास ही अंतिम साबित हो रहा है।

कर्नाटक की सरकार दो साल के अंतराल के बाद फिर से 2,60,000 रिक्तियों के लिए भर्ती करना चाह रही थी। पर वहां भर्ती प्रक्रिया में देरी हो रही है, क्योंकि सरकार प्रशासनिक सुधार आयोग–2 (एआरसी–2) की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। यह रिपोर्ट कुछ नौकरियां समाप्त करने का कारण भी बन सकती है। ऐसे में सवाल है कि नौकरी के लिए दिन–रात मेहनत कर रहे लोगों को आखिर और कितना सब्र रखना होगा।

व्यवस्थागत सुस्ती और अराजकता का आलम यह है कि परीक्षाओं के नतीजे आ जाने के बाद भी उम्मीदवारों को नौकरी नहीं मिलती। सीएपीएफ में (सितंबर, 2020 तक) एक लाख से ज्यादा रिक्तियां थीं और ये ज्यादातर कांस्टेबल ग्रेड में थीं। इसके लिए 52 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया और आखिर में 60,210 नौकरियों की पेशकश की गई। रिक्तियों को पहले से न भरे जाने के बाद एसएससी जीडी, 2021 के तहत महज 25,271 पदों के लिए परीक्षा ली गई।

2018 के उन 4,295 उम्मीदवारों, जो पहले ही परीक्षा पास कर चुके हैं, पर कोई विचार नहीं किया गया। ऐसे उम्मीदवारों ने आयु–सीमा पार कर ली है और इनमें से किसी भी परीक्षा के लिए वे अब दोबारा आवेदन नहीं कर सकते। वे पैरों में पड़े छालों का दर्द सहते हुए अपने हक और इंसाफ के लिए नागपुर से दिल्ली के लिए पैदल मार्च कर रहे हैं। हम युवाओं को रोजगार देने के नाम पर लाभ कमाने की योजना नहीं चला सकते।

इसके लिए भी नीतियां बनाने की आवश्यकता है कि परीक्षा केंद्र और उम्मीदवार के स्थान के बीच की दूरी सीमित हो। इस सीमा को 50 किलोमीटर तक रखना बेहतर होगा। ऐसा न होने पर मुआवजे के तौर पर उम्मीदवार को यात्रा और ठहरने के खर्चों का भुगतान करना चाहिए। इसी तरह ऑनलाइन परीक्षाएं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जानी चाहिए।

इसके तहत सभी परीक्षा केंद्रों पर बायोमीट्रिक उपस्थिति, क्लॉक रूम, पंखे, समुचित प्रकाश व्यवस्था जैसी सभी बुनियादी सहूलियतें होनी चाहिए। एक ही दिन कई परीक्षा होने की परेशानी दूर करने के लिए सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों की भर्ती परीक्षाओं का एक एकीकृत परीक्षा कैलेंडर प्रकाशित जारी किया जाना चाहिए।

सरकारी भर्ती के लिए केंद्र या राज्य सरकार के तहत प्रत्येक मंत्रालय को विभिन्न विभागों से अनुरोध करना चाहिए कि वे तय तिथि से तीन दिन के भीतर अपने यहां मौजूदा रिक्तियों की सूची तैयार कर उसे जमा कराएं। ऐसी सूची के अनुमोदन के हफ्ते भर के भीतर विभागों को मौजूदा रिक्तियों की अनुमोदित सूची का विज्ञापन देना चाहिए। इसमें विलंब होने पर कसूरवार विभागों को अपने प्रशासनिक खर्चों में कटौती करनी चाहिए और परीक्षा रद्द होने की सूरत में आवेदकों को पात्रता व आयु मानदंड में छूट मिलनी चाहिए।

देश में 15 साल से अधिक आयु के एक अरब लोगों में से महज 43 से 45 लाख लोग ही श्रमबल के तौर पर उपलब्ध हैं, जिनमें 30 से 40 लाख लोग नौकरी पाने में असमर्थ हैं। सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार, भारत में जून, 2022 में 39 करोड़ लोगों के पास नौकरियां थीं। ग्रामीण भारत में 80 लाख नौकरियों में कटौती और वेतनभोगी नौकरियों में और 25 लाख की कमी से स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। इन सबके बीच जून, 2022 में भारत की रोजगार दर 35.8 फीसदी रही।

ऐसे में, भारत को सालाना दो करोड़ रोजगार सृजित करने की जरूरत है, हालांकि यह भी जरूरत से कम ही होगी। इस तरह के प्रयास समय पर न करने से हम अपने जनसांख्यिकीय लाभांश के बड़े हिस्से को बर्बाद होने के लिए छोड़ देंगे। पीएसयूध्सरकारी संस्थानों में परीक्षाओं और भर्ती के मुद्दे पर हमें शहरी बेरोजगारी पर एक राष्ट्रीय वार्ता की पहल की तरफ बढ़ना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए, कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश जनसांख्यिकीय आपदा न साबित हो, हमें रोजगार सृजन और श्रम बाजार के लिए युवाओं की कुशलता की चुनौती पर खरा उतरना होगा।

ये लेखक के अपने विचार है।

## शिक्षक दिवस पर अपने विनियमितीकरण व यूजीसी वेतनमान के लिए चलाया पत्राचार अभियान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अनुदानित महाविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के सह संयोजक डॉ शिवकुमार ने बताया कि विगत 15–20 वर्षों से अनुदानित महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में न्ळब् द्वारा निर्धारित पूर्ण योग्यता के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर के खोखले पदनाम के साथ 3–15 हजार वेतन पर कार्यरत प्रदेश के 16 विश्वविद्यालय व संबद्ध 303 अनुदानित महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने दिनांक 4–5 व 6 अगस्त को अपनी असहनीय दशा से केंद्र व राज्य सरकार को अवगत कराने के लिए एक पत्राचार अभियान सभी 75 जिलों से आरम्भ किया। जिसके अंतर्गत सभी अनुदानित शिक्षकों ने महामहिम राष्ट्रपति प्रधानमंत्री, राज्यपाल , मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय को पत्र प्रेषित कर अपनी वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए यह बताने का प्रयास किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अग्रणी व भविष्य के निर्माता कहे जाने वाले शिक्षक अपनी रोटी और अपने वजूद के लिए संघर्ष की स्थिति में आ गए हैं। कई शिक्षक, इस दुर्व्यवस्था के साथ ही काल–कवलित हो गए,कुछ ने आत्महत्या कर ली तथा कई सेवानिवृत्त हो गए और आधे से ज्यादा शिक्षक 45–50 वर्ष के ऊपर हो गए हैं। भौतिक सत्यापन की स्थिति में इनकी सम्भावित संख्या भी 2000 से अधिक नहीं है, फिर भी सरकार की आंखों के सामने यह दुर्व्यवस्था निरंतर जारी है।इन शिक्षकों ने सिर्फ समस्या को ही नहीं रखा बल्कि अपने अनुभव और शिक्षक के स्वभाव के अनुरूप समस्या के स्थायी समाधान हेतु पूरे मैकेनिज्म को सरकार के सामने रखा है, जिससे उनकी दशा और दुर्दशा को बदला जा सकता



है।अनुदानित महाविद्यालयों के स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत नवीन पाठ्यक्रमों पर तत्काल रोक लगाकर सभी संचालित विषयों को अनुदान पर लेकर शिक्षकों का विनियमितीकरण कर एक समान व्यवस्था लागू की जा सकती है।उ.प्र. के सभी अनुदानित महाविद्यालयों के 2(थ) व 12 (ठ) दर्जा प्राप्त होने के कारण इन महाविद्यालयों की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है द्य उपर्युक्त प्रक्रिया के अनुपालन में कोई विधिक अड़चन नहीं है। पूर्व में स्ववित्तपोषित बी.एड. पाठ्यक्रम को अनुदान पर लेकर सरकार ने कुछ शिक्षकों को विनियमित कर उनकी समस्याओं का स्थाई समाधान प्रस्तुत किया है।वित्तीय उपादेयता की उलाहना देने वाले प्रशासकों को न्यूनतम व्ययभार का तरीका भी बताया जा चुका है।अन्तिम रूप से उत्तर प्रदेश के सभी अनुदानित महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरुणेश अवस्थी के नेतृत्व में सरकार के समक्ष विनियमितीकरणध् यूजीसी वेतनमान की मांग को उम्मीद–पत्र के माध्यम से रखने का प्रयास किया।

## आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगोली, संगीत, नृत्य व्याख्यान व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देशभक्ति के भाव को प्रदर्शित किया। छात्राओं ने नृत्य व संगीत के जरिए यह संदेश दिया कि आज हम लोग स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की खून की आहूति व बलिदान के कारण आजादी के साथ भारत जैसे देश में रह रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान एक से बढ़कर एक देशभक्ति गानों पर छात्राओं ने नृत्य पेश किया जिससे पूरा सभागार देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. नमिता जोशी ने कहा की हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। आज हम उनके बलिदान व त्याग के कारण ही आजादी के साथ जिंदगी



जी रहे हैं। डा. जोशी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे विकास के साथ–साथ देश की सेवा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन जरूर करें। सह प्राध्यापिका डा. साधना सिंह व सहायक प्राध्यापिका सरिता श्रीवास्तव ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं के साथ संकल्प लिया कि वे वीर सपूतों की कुर्बानी को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। कार्यक्रम की आयोजक मानव विकास एवं परिवार अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुमन मौर्या ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया साथ ही भारत के स्वर्णिम इतिहास एवं गुलामी की त्रासदी के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से डा. प्रतिभा सिंह, डा सुप्रिया, डॉ विभा परिहार, कर्मचारी, छात्राएं व अन्य शिक्षक गण मौके पर मौजूद रहे।

## माई वर्थ टीम के द्वारा घर–घर तिरंगा फहराने के प्रचार व प्रसार के लिए निकाली गई जन जागरूकता रैली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड संस्था व एच सी एल फाउंडेशन के सहयोग से लैंगिक समानता पर आधारित माई वर्थ कार्यक्रम लखनऊ जनपद के 14 उच्च प्राथमिक और 6 राजकीय इंटर कॉलेजों में संचालित किया जा रहा है । माई वर्थ कार्यक्रम व विद्यालय स्काउट गाइड के बच्चों के साथ मिलकर बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज में आजादी महोत्सव के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा, भारत सरकार के आदेशानुसार घर–घर तिरंगा फहराने के प्रचार व प्रसार के लिए बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज से मां चंद्रिका देवी रोड तक जन जागरूकता रैली निकाली गई इस कार्यक्रम में 237 बच्चों ने प्रतिभाग लिया और इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण कुमार सिंह चेयरमैन नगर पंचायत बक्शी का तालाब के द्वारा किया गया और कार्यक्रम के दौरान बक्शी का तालाब के प्रधानाचार्य डॉ केवकेव शुक्ला व अन्य शिक्षक गढ़ रविंद्र कुमार प्रवक्ता एवं स्काउट प्रभारी, डॉक्टर नंदलाल ,डॉ रीता मिश्रा विनय कुमार शर्मा तथा अन्य शिक्षक गण के सदस्य उपस्थित रहे और माई वर्थ कार्यक्रम के पीयर लीडर तथा माई वर्थ टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## ''ठाकुर जयकरन सिंह मेमोरियल ट्रस्ट'' के द्वारा संचालित टीडीएमसी स्कूल में ''सावन सेलिब्रेशन'' स्कूल के बच्चों के साथ मनाया गया

जौनपुर ब्यूरो : सावन का मास चल रहा है। कांवरियों का जत्था गंगाजल लेकर तथा पैदल चलकर दूर–दूर के शिवालयों में जाकर शंकर भगवान की पूजा अर्चना कर रहे हैं । इस सावन मास में ''ठाकुर जयकरन सिंह मेमोरियल ट्रस्ट'' के द्वारा संचालित टीडीएमसी स्कूल में ''सावन सेलिब्रेशन'' स्कूल के बच्चों के साथ मनाया गया। बच्चों ने बड़े हंसी खुशी से इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ राम आसरे मिश्रा (रिटायर्ड लेप्रोसी चिकित्सक, ग्राम– करमही पोस्ट– धर्मापुर, जिला–जौनपुर) ने अपने कर कमलों द्वारा बच्चों को पौधे वितरित करके किया । 100 बच्चों ने मुख्य अतिथि से पौधे प्राप्त किए और देखा गया कि वे पौधे को एक अमूल्य वस्तु की तरह से संभाल कर अपने साथ घर ले गए और घर पर इन पौधों को वे लगाएंगे, उसमें पानी भी देंगे । इस तरह से पर्यावरण के प्रति उनके अंदर एक जागरूकता पैदा करने का कार्यक्रम इस ''सावन सेलिब्रेशन'' के उत्सव पर किया गया। इस कार्यक्रम में ''ठाकुर जैकरन सिंह मेमोरियल ट्रस्ट'' के चेयरमैन डॉक्टर (कैप्टन) इंद्रजीत सिंह, टीडीएमसी स्कूल के प्रबंधक श्री दिलीप सिंह,





सह प्रबंधक प्रदीप सिंगग तथा प्रिंसिपल अर्चना सिंह एवं स्कूल की समस्त अध्यापिकाएं एवं अध्यापकगण मौजूद रहे।

## मदरसा अल्फला एजुकेशनल सोसायटी द्वारा शोहदाए कर्बला पर आयोजित हुआ जलसा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)रुदौली तहसील क्षेत्र के सीवन बाजितपुर स्थित मदरसा अलफला एजुकेशन सोसायटी द्वारा एक जलसा आयोजन किया गया जिसमें मुख्तलिफ उलेमा इकराम ने शिरकत फरमाई।मदरसा अलफला सोसाइटी के प्रबंधक मास्टर सरफराज अहमद ने बताया की यह जलसा माहे मुहर्रमुल हराम के महीने मैं किया जाता है आयोजित जलसे में शोहदाए इस्लाम पर उलेमाए इकराम के बयानात का सिलसिला जारी है जो दस मुहर्रमुल हराम यौमेआशूरा तक यह सिलसिला जारी रहेगा।जिसका आगाज पांच मुहर्रमुल हराम हाफिज मोहम्मद शाहिद ने कुरआने पाक की तिलावत से शुरू किया उसके बाद मौलाना कमालुद्दीन लखनऊ ने जलसे को खिताब फरमाया उन्होंने अपने सम्बोधन में बताया मौत से गले लगना है यह तो कर्बला के मुसाफिर ही बता पाएंगे दूसरा कोई नहीं बता सकता कर्बला की तर जुमानी की है कर्बला की वह शान तन्हाइयों का दार बुझते रहे रोशनी रही बेटी सकीना ने घोड़ा का पैर पकड़ लिया हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने फरमाया कि जो हजरत इमामे हुसैन का है वह मेरा है और जो मेरा है वह हजरत इमामे हुसैन का है मौलाना ने कहा की आप सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की सुन्नतों को छोड़ देने वाला इमामे हुसैन का मानने वाला नहीं हो सकता है और हजरत इमामे हुसैन रजि अल्लाह ताला अन्हु का सच्चा मानने वाला कभी भी पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की सुन्नतों को छोड़ नहीं सकता और नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के सहाबा का मुनकिर नहीं हो सकता मौलाना कमालुद्दीन ने बताया इस्लाम में मुहर्रमुल हराम बहुत ही हुरमत का मकाम रखता है।हजरत आदम अलैहिस्सलाम की तकलीफ से लेकर तौबा की कबूलियत तक इसी माहे मुबारक मुहर्रमुल हराम के मुबारक महीने में हुई मौलाना ने शोहदाए कर्बला का जिक्र किया। हाफिज जान मोहम्मद ने जलसे की निजामत फरमाई शायरी इस्लाम हाफिज वा कारी महमूद रजा सीतापुरी ने अपनी सुरीली आवाज में नाते पाक पड़ी जलसे में काफी तादाद में लोगों ने शिरकत किया हाफिज मास्टर फजील अहमद हाफिज तौकीर अहमद और मुल्क व मिल्लत के लिए दुआएं खेर फरमाई। इस मौके पर ग्राम प्रधान सीवन सिराज अहमद ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अली,वर्तमान जिला पंचायत सदस्य असगर अली, मोहम्मद शादाब ,नियाज अहमद, कमाल अहमद, मोहम्मद जफर, शरीफ माजिद अली, मास्टर उजैर अहमद,मोहम्मद इरफान, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकीम अहमद, चमरौली से आए मलिक मोहम्मद सोहेल ,मोहम्मद अजीम ,इरफान अहमद, मोहम्मद अशरफ ,सबकातुल्ला व हाजी मोहम्मद इलियास सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक डिप्टी सीएम श्री मिश्र रहे अयोध्या दौरे पर

अयोध्या।(सुरेन्द्र कुमार ब्यूरो चीफ डीकेयू न्यूज 24) उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक अयोध्या के दौरे पर आये।इस मौके पर उन्होंने पूर्व सांसद राम विलास दास वेदांती से मिले।इससे पूर्व भाजपा नेता विशाल मिश्र की अगुवाई में उप मुख्यमंत्री श्री पाठक का बड़े पैमाने पर उमड़े नौजवानों के द्वारा जोरदार स्वागत हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता विशाल मिश्र ने बताया कि इसके बाद डिप्टी सीएम श्री पाठक हिंदू धाम कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तत्पश्चात् उन्होंने हनुमानगढ़ी में भी दर्शन पूजन किया।दर्शन पूजन के बाद उप मुख्यमंत्री, विशाल मिश्र के साथ रामकोट स्थित महंत जयराम दास के श्री राम आश्रम में गए, जहाँ न्यायालय ने जब से भगवान विशेश्वर जी को ज्ञानवापी मंदिर में उत्पत्ति को माना तब से ही ज्ञानवापी मंदिर में पूजन अर्चना बंद है। इस मौके जब तक यह पूजन चालू नहीं होता तब तक के लिए ज्ञानवापी मंदिर के विशेश्वर जी का प्रतिलिंगात्मक मंदिर अयोध्या धाम में श्रीराम आश्रम के प्रांगण में स्थापित किया गया।आज 5 अगस्त को



भगवान विश्वेश्वर जी की मंदिर उद्घाटन एवं भगवान विश्वेश्वर जी का राजोपचार पूजन अभिषेक प्रदेश के यशस्वी ऊर्जावान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी के कर कमलों के द्वारा किया गया।जिसमें भाजपा युवा नेता विशाल मिश्र एवं मिथिला अवध तथा अन्य प्रदेशों के विद्वान ब्राह्मणों अयोध्या के तमाम संत महंत आश्रम व छात्रौं ने मंत्रोच्चार के द्वारा विधि विधान से पूजन करवाया और आश्रम के महंत पूज्य महंत जयराम दास जी महाराज के मध्यस्था में कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## खुद को डाक्टर बता कर गलत प्रसव कराने के मामले में स्टॉफ नर्स व पति पर केस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) खुद को डाक्टर बताकर गर्भवती महिला का अपने सरकारी आवास में प्रसव कराने वाली स्टाफ नर्स व उसके पति के खिलाफ एक वर्ष के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गोसाईगंज थाने की पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मामले में स्टाफ नर्स को पहले ही निलंबित किया गया था लेकिन उसके रसूख के कारण केस नहीं दर्ज हुआ था। गोसाईगंज के अंसार नगर निवासी शादाब की पत्नी रफ्तनिशा गर्भवती थी। वह चिकित्सक को दिखाने के लिए 15 जुलाई 2021 को गोसाईगंज सीएचसी लाया था। वहां उसकी मुलाकात सुरेश तिवारी से हुआ सुरेश ने उसे बताया कि उसकी पत्नी वन्दना पाण्डेय चिकित्सक हैं दिखा देते हैं। 31 जुलाई को प्रसव पीड़ा पर शादाब पत्नी को सीएचसी लाया। आरोप है कि स्टाफ नर्स ने सरकारी आवास बुलाया और पांच हजार रुपए वसूल किए। इसके बाद वहां प्रसव कराया। प्रसव में लापरवाही बरती जिससे पत्नी की हालत बिगड़ गयी। जिसके इलाज में करीब दो लाख रुपये खर्च हो गए। शिकायत जब वंदना व उसके पति से की गई तो उन्होंने जान से मार देने की धमकी दी।इस मामले की जब शिकायत सीएमओ व अपर निदेशक से की गई तो वंदना को निलम्बित कर दिया गया। केस दर्ज कराने के लिए शादाब ने भरसक प्रयास किया लेकिन उसकी सुनवाई नही हुई। तब जाकर उसने एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश के बाद शुक्रवार को गोसाईगंज पुलिस ने स्टाफ नर्स वंदना व उसके पति सुरेश तिवारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ।

## आबकारी इंस्पेक्टर अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने व्यास नगर पादरी बाजार मोहनापुर बेलाकांटा में दी दबिश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : शासन के आदेश पर अवैध कच्ची शराब के बिक्री व निष्कर्षण के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र नाथ सिंह के निर्देश पर आबकारी इंस्पेक्टर अरविंद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने शाहपुर थाना क्षेत्र के ब्यासनगर पादरी बाजार मोहनापुर तथा पिपराइच थाना क्षेत्र के बेलाकांटा में अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर दबिश दी गई दबिश के दौरान टीम ने 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया है मौके पर तीन महिलाओं को भी टीम ने हिरासत में लिया है इनके खिलाफ मुकदमा



पंजीकृत किया गया है। कार्रवाई के दौरान प्रशिक्षु आबकारी निरीक्षक पवन कुमार यादव शामिल रहे।

### मोमबत्ती की रोशनी में स्टाफ नर्स ने कराया प्रसव : अत्यधिक गर्मी के कारण नवजात की मौत

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव :: सीएचसी में भर्ती गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा उठने पर स्टाफ नर्स ने मोमबत्ती की रोशनी में प्रसव कराया। इस बीच गर्मी के साथ ही नवजात को बेहतर चिकित्सीय सेवा नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई। नवजात की मौत से नाराज परिजनों ने सीएचसी पर जमकर हंगामा काटा। नवजात की मौत से नाराज पिता ने स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर पर घटना की शिकायत दर्ज कराई है। स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारी मामले से अनभिज्ञता जता रहे हैं।कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अभियाकलां निवासी अजय कुमार मौर्या की पत्नी सीतांजलि गर्भवती थीं। शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सीतांजलि को लेकर सीएचसी भदैंया पहुंचे। रात करीब दस बजे बिजली चली गई और पूरे अस्पताल में अंधेरा छा गया। इसी बीच रात करीब साढ़े ग्यारह बजे सीतांजलि की प्रसव पीड़ा बढ़ गई। तब ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स ललिता ने मोमबत्ती जलाकर सीतांजलि का प्रसव कराया।

# राम मंदिर के सुपर स्ट्रक्चर का हो रहा निर्माण : ट्रस्ट के मुताबिक 2023 तक बनकर तैयार हो जायेगा राम मंदिर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम मंदिर निर्माण के शिला पूजन के दूसरी वर्षगांठ पर श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्माण की जानकारी साझा किया है। ट्रस्ट के मुताबिक दो वर्ष में मंदिर के निर्माण में नींव पर प्लिंथ ( फर्श ) बनाये जाने का कार्य अंतिम चरण में है।जिस पर राम मंदिर के सुपर स्ट्रक्चर के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। मंदिर के गर्भगृह पर 350 पत्थरों के ब्लॉक को जोड़ने का काम पूरा हो गया है।5 अगस्त अयोध्या के लिए स्वर्णिम दिन माना जाता है।क्योंकि आज ही के दिन 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिन राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया था। जिसके बाद राम जन्मभूमि परिसर सहित पूरी अयोध्या के विकास का भी नींव रखी गई।जिसके बाद से मंदिर निर्माण की प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ रही है।2 वर्ष के अंदर मंदिर की आधारशिला को तैयार कर लिया गया और मंदिर के फर्श भी को मजबूती दे दी गई।अरब मंदिर निर्माण का कार्य गर्भगृह से प्रारंभ हो गया है।इसकी संपूर्ण जानकारी के लिए आज श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मीडिया कर्मियों को राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश की अनुमति दी और इस 2 वर्ष में पूरे कार्य का संपूर्ण विवरण भी साझा किया। जिसके चलते इस मौके पर डीकेयू न्यूज 24 चीफ ब्यूरो सुरेन्द्र कुमार,देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव व डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता अयोध्या देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र अन्य मीडिया कर्मियों के साथ इस मौके पर पहुंचे।वहीं इस दौरान ट्रस्ट ने मिठाइयां बांटकर इस वर्ष गांठ को भी मनाया। इस मौके पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य ने बताया कि 5 अगस्त 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी स्थान पर आकर के भूमि पूजन किया था। इसके बाद हमने नींव भराई का कार्य शुरू किया 300 फुट चौड़े और 350 फुट लंबे क्षेत्र की खुदाई करके यहां से मिट्टी हटाई गई।जिसके बाद





इंजीनियरिंग फील मैटेरियल से एक एक फीट पर रोलर कंप्रेशन के द्वारा 56 लेयर में फाउंडेशन के रूप में खड़ा किया गया।उसके बाद कर्नाटक ग्रेनाइट स्टोन के 17000 ब्लाक को लगाकर के प्लिंथ निर्माण के लिए 7 लेयर का कार्य शुरू किया गया।आज जो कार्य सितंबर तक पूरा होना था उसे अगस्त माह तक ही पूरा करने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।वही कहा कि पिछले 1 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गर्भगृह पर पत्थरों का पूजन करते हुए अपने हाथों से रखा था।आज उसका निर्माण होते हुए 350 से अधिक पत्थर लग चुके हैं। यह हम कह सकते हैं कि सुपरस्ट्रक्चर के निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो गया है और 2023 तक जो लक्ष्य हमारे सामने है उस समय तक भूतल के निर्माण का कार्य कर लिया जाएगा उसके बाद फिर आगे की प्रक्रिया की ओर बढ़ेंगे और इस दौरान जो मुहूर्त तय की जाएगी उस मुहूर्त में भगवान श्री राम लला को उनके जन्म स्थान पर विराजित करते हुए प्राण प्रतिष्ठा करके राम भक्तों के दर्शन प्राप्त होंगे।

## अयोध्या में फिर बदला मौसम : धूप के साथ उमस लोगों को कर रही परेशान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में शुक्रवार व शनिवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। आसमान में आंशिक बादल के बीच धूप निकलने से एक तरफ रामनगरी का मौसम सुहाना लग रहा है।वहीं तापमान में भी 2 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार है। सरयू के जलस्तर में 8 सेमी की बढ़ोतरी हुई है।17 दिनों के बाद शुक्रवार व शनिवार को अयोध्या और देवीपाटन के नौ जिलों में मौसम में बदलाव देखने को मिला।वही रात में आसमान पूरी तरह साफ दिखाई दिया। जबकि आसमान में आंशिक बादलों के बीच से निकली धूप के चलते सुबह के तापमान में इजाफा देखने को मिला। साथ ही उमस भरी गर्मी भी पड़ रही है।राम नगरी में एक सप्ताह बाद सुबह का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को 34 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने के आसार है। इस संबंध मे आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रो अमर नाथ मिश्र के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत अयोध्या और देवी पाटन मंडल के जनपदों में आगामी 24 घंटों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।वही शुक्रवार सुबह सरयू का जलस्तर 92.360 रिकार्ड किया गया। पिछले 24 घंटों में सरयू के जलस्तर में 8 सेमी की बढ़ोतरी हुई है। जो खतरे के निशान के करीब है। खतरे का निशान 92.730 है। केंद्रीय जल आयोग के अमन राज सिंह ने बताया कि पिछले 10 दिनों से लगातार सरयू नदी के जलस्तर में इजाफा हो रहा है।

# समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की मनायी गयीं जयंती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की ८९ वीं जयंती आज समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। पार्टी कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने कहा कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र ने समाजवादी पार्टी को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि श्री मिश्र ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाजवादी पार्टी को जो पहचान दी वह आज भी कायम है ।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में संघर्ष का जज्बा श्री मिश्र ने ही पैदा किया था और आंदोलन के दौरान ही उनका देहांत भी २०१० में हो गया था।श्री यादव ने कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ता अभी से तैयारियों में जुट जाएं आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है ।श्री यादव ने बताया कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र के दिखाए रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी को और भी बुलंदियों तक पहुंचाया जा सकता है और कार्यकर्ता इसके लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़े ।पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र जयंती के अवसर पर आज कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, इसमें पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।श्री यादव ने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विचार गोष्ठी में यह संकल्प लिया कि लोकसभा चुनाव में इस बार समाजवादी पार्टी को अधिक से अधिक सीटें जिता कर केंद्र की सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल बाबूराम गौड़ चौधरी बलराम यादव डॉ अनुराग यादव महंत अनिल मिश्रा शैलेंद्र यादव करुणाकर यादव त्रिभुवन प्रजापति सरोज यादव अंसार अहमद बब्बन जगन्नाथ यादव संतराम यादव पवन कुमार करण यादव मुन्नू सूर्यभान यादव राजेश कोरी रमेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# मरीजों के लिए डॉक्टर भगवान का दूसरा रुप होते है इस जुमले को साकार कर रहे हैं डॉक्टर वी पी पांडे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर स्वास्थ्य अधिकारी अयोध्या और अंबेडकर नगर के पद से सेवानिवृत्त हुए डॉ वी पी पांडे ने कड़े संघर्ष से इस मुकाम को हासिल किया है। उनकी पहचान प्रदेश के विशिष्ट फिजीशियन चिकित्सक के रूप में है नौकरी में रहने और सेवानिवृत्त होने के बाद भी उन्होंने अपने जीवन में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा वर्तमान में उनके बेटे डॉ हिमांशु पांडे और बहू डॉक्टर सीमा पांडे दोनों सरकारी सेवा के चिकित्सक है।और पुत्री प्रीति पांडे उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच में और पत्नी विनीता पांडे अधिवक्ता है ।अंबेडकर नगर के यादव पुर गांव से निकलकर नबाबो की नगरी लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज से 1966 बैंच के एमबीबीएस डी पी एच विशिष्ट चिकित्सक के रूप में पहचान रखने वाले श्री पांडे देवकाली तिराहे से 500 मीटर पहले फतेहगंज से देवकाली वाली रोड पर स्थित आवास पर मरीजों को सेवानिवृत्त होने के बाद भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पिछले आधा सैकड़ा से अधिक वर्षों से कई हजार मरीज उनकी सफल चिकित्सीय सहायता से जीवन दान पा चुके हैं। समाज सेवा में भी उनका कोई सानी नहीं रुदौली बाजार में रविवार और बुधवार को आउटडोर मरीजों के सेवा दे रहे हैं। डॉ वी पी पांडे किसी परिचय के मोहताज नहीं है उनके पास मेडिकल कॉलेज से लेकर देश के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा कर निराश लौटे मरीजों के चेहरे पर मुस्कान लौटा कर ठीक होने वाले मरीज की लम्बी फेहरिस्त है।शहर फैजाबाद के अयोध्या जिले में चिकित्सा जगत में विशिष्ट स्वास्थ्य सेवा की मिसाल कायम की है ।उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है उनसे ठीक हुए मरीजों से ही ये बात स्वंय सही सिद्ध हो जाती हैं। इनके द्वारा अब तक ठीक मरीजों की बड़ी संख्या ने इतिहास रच दिया है। सुदूर ग्रामीण अंचल यादवपुर में पले बढ़े और विपरीत परिस्थितियों में बिना किसी कोचिंग के पहले ही प्रयास में एमबीबीएस की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर पांडे ने यादवपुरिया पांडे खानदान का नाम रोशन कर दिया श्री पांडे के हाथ में महादेव की कृपा है कि उनके पास अपनी असाधारण से असाधारण और गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज कराने आने वाले मरीजों को निराश नहीं लौटना पड़ता है। गांव जाकर निशुल्क सेवा करके उनके द्वारा रिकार्ड कायम किया गया जिसकी उनसे ठीक से मरीज और समाज सेवा के अच्छे लोग भूरि भूरि प्रशंसा करते हैं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पंडित कालिका प्रसाद मिश्र पूर्व अध्यक्ष जनार्दन दुबे भाजपा के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित के कृपा निधान तिवारी भाजपा के जिला मंत्री बबलू मिश्रा वरिष्ठ अधिवक्ता वाईवी मिश्रा अशोक पांडे आदि ने श्री पांडे की जनसेवा को अनुकरणीय बताया।

# अधीक्षक बने डॉ0 रोहित चौरसिया ने तारुन सीएचसी का कार्यभार संभाला पूर्व अधीक्षक सीएमओ कार्यालय से हुये अटैच

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रायबरेली जिले के डलमऊ सीएचसी पर मेडिकल ऑफिसर पद पर कार्यरत रहे डॉ0 रोहित चौरसिया अयोध्या जिले की तारुन सीएचसी के नये अधीक्षक बने। उन्होंने यहां अधीक्षक रहे डॉ0 वेद प्रकाश त्रिपाठी से गुरुवार को सीएचसी का कार्य भार ग्रहण किया। श्री चौरसिया ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत पत्रकारों से प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि सीएचसी को सुविधाओ से लैस कराना व यहां की समस्याओं को दूर कराना और मरीजो को समय से सुगम व सुलभ इलाज दिलाना ही उनकी प्राथमिकता में शुमार होगा।सीएचसी पर एक्सरे मशीन व महिला चिकित्सक की नियुक्ति कराये जाने का भरोसा दिलाया। जिससे मरीजो को लंबी दूरी तय कर जिले पर भागदौड़ न करनी पड़े।उन्होंने बताया कि सीएचसी के सरकारी जर्जर आवासों में जान जोखिम में डालकर रह रहे स्टाफ कर्मियों की समस्याओं को दूर किये जाने का भी प्रयास किया जायेगा। अधीक्षक ने कहा कि सीएचसी तक पहुँचने का मार्ग सकरा है जिसे चौड़ीकरण कराने को शासन से पत्राचार किया जायेगा।एक ही सफाई कर्मचारी के भरोसे चल रहे सीएचसी पर कुछ निजी कर्मचारियों की नियुक्ति के सम्बंध में विभागीय अधिकारियों से बात कर सफाई समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जायेगा। इसके पहले डॉ0 चौरसिया रायबरेली जिले के डलमऊ सीएचसी पर मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। तारुन सीएचसी पर करीब आठ साल तक सेवा दे चुके डॉ0 वेद प्रकाश त्रिपाठी को जिलाधिकारी का कोप भाजन कुछ दिन पहले बनना पड़ा था। जिलाधिकारी ने श्री त्रिपाठी को अधीक्षक पद से हटा कर उन्हें सीएमओ कार्यालय से अटैच कर दिया था। गुरुवार को श्री चौरसिया ने अधीक्षक का पद ग्रहण कर लिया।इस मौके पर राकेश यादव ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक, संतोष मौर्या काउन्सलर, श्रीराम तिवारी ब्लाक प्रतिरक्षण अधिकारी, नीरज मौर्या व्यम, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा फार्मासिस्ट, शिल्पा गुप्ता,राम केवल वार्ड व्वाय,संगम गौतम सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रहे मौजूद।

## अपनी मांगों को लेकर प्रधान संघ अध्यक्ष ने सौंपा एडीओ पंचायत को ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)अखिल भारतीय प्रधान संगठन उप्र के बैनर तले रूदौली ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष बल भद्र यादव के नेतृत्व ने ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री उप्र को सम्बोधित पांच सूत्री एक ज्ञापन सहायक खण्ड विकास अधिकारी(पंचायत)रूदौली गंगा प्रसाद श्रीवास्तव को सौंपा। प्रधान संघ अध्यक्ष द्वारा दिए गए अपने मांग पत्र में लिखा है कि अखिल भारतीय प्रधान संगठन द्वारा रमाबाई अंबेडकर मैदान में 28 अक्टूबर 2021 को 40,000 से अधिक प्रधानों की महारैली के माध्यम से अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखा था जिसमे सहायक सचिव कम डाटा एंट्री ऑपरेटर,शौचालय केयरटेकर एवं प्रधान के मानदेय की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा अलग से करने का वादा किया गया था जिस पर तत्काल अमल किया जाय।जिले के प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों की सहभागिता में पंचायतों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तर पर माह में एक बार उक्त जनपद के जिला अधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पंचायत दिवस मनाये जाने का वादा किया गया था जिसका तत्काल क्रियान्वयन किया जाय।प्रधानों व सभी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकरण से पूर्व उपनिदेशक पंचायतीराज से अनुमति के प्राविधान का वादा किया गया था उसे तत्काल लागू किया जाए तथा बिना शपथपत्र के जांच न करायी जाए व झूठी शिकायत मिलने पर शिकायतकर्ता के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई अनिवार्य की जाए।जिला योजना समिति में प्रधानों को प्रतिनिधित्व देने का वादा किया गया था जिसका तत्काल क्रियान्वयन किया जाए।राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त योजना से हो रहे भुगतान की तरह ही ग्राम प्रधान व सचिव के डिजिटल सिग्नेचर से मनरेगा योजना की मजदूरी व मटेरियल के भुगतान का वादा करते हुए पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के दो विकास खण्डों मोहनलालगंज लखनऊ एवं अहिरोरी हरदोई में इसे लागू किया गया था तथा प्रदेश के शेष विकास खण्डों में अगले 3 माह में इसे लागू करने का वादा किया गया था जिस पर तत्काल अमल किया जाए।इसके अतिरिक्त निम्नलिखित मांगों पर भी सहानुभूति पूर्वक विचार करके प्रदेश में इसे लागू किया जाए ।वर्ष 1993 में पारित 73 वें संविधान संशोधन विधेयक के तहत 29 विषय व उनसे जुड़े अधिकार,कोष,कार्य और पंचायत कर्मियों को पंचायतों को सौंपकर सत्ता विकेंद्रीकरण की आदर्श व्यवस्था लागू की जाए।राज्य वित्त आयोग व प्रशासनिक सुधार आयोग की समस्त प्रमुख सिफारिशों को उत्तर प्रदेश में लागू किया जाए।प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों की सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस जारी करने में प्राथमिकता,पंचायतों में प्रयुक्त होने वालीनिर्माण सामग्री(ईंट,मोरंग,सफेद बालू,गिट्टी,सरिया,सीमेंट आदि)का मूल्य बाजार दर से बहुत ही कम है उसे बाजार दर के अनुरूप पुनरीक्षित किया जाय।उपरोक्त निर्माण सामग्री के मूल्य का निर्धारण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है जबकि उपरोक्त सामग्री का प्रयोग स्वयं लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं किया जाता जिसके कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा जानबूझकर बाजार दर से कम मूल्य निर्धारित किया जाता है मूल्य निर्धारण का कार्य किसी अन्य एजेंसी को दिया जाए।पंचायत से जुड़े राजस्व कर्मी,आंगनबाड़ी,राशन कोटेदार,विद्यालय के अध्यापक की उपस्थिति कार्य प्रमाणन व निलंबन की संस्तुति सहित अन्य अधिकार दिए जाय।जिस के क्रम में 15 दिसंबर 2021 को प्रदेश भर के प्रधानों को लखनऊ बुलाकर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा की गई थी जिस पर अभी तक अमल नहीं किया है जिसे लोकहित में तत्काल अमल कर किया जाना आवश्यक है।एडीओ पंचायत गंगा प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधान संघ अध्यक्ष का ज्ञापन मिला है उचित माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय के कार्यालय को भेजा जाएगा।

# सरकार की सारी नीतियां उद्योगपतियों और प्रधानमंत्री के मित्रों के हितों में बनाई जाती है– अखिलेश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का धरना प्रदर्शन सदर तहसील के सामने तिकोनिया पार्क में संपन्न हुआ। सदर तहसील पर भारी संख्या में इकट्ठा कांग्रेसियों ने जब कलेक्ट्रेट की तरफ कूच किया तो पुलिस ने जबरन उन्हें रोका और जिला अध्यक्ष समेत तमाम कांग्रेसियों को घसीटते हुए पुलिस की गाड़ी में ले गए और पुलिस लाइन में काफी देर तक बंधक बनाकर रखा। इससे पूर्व हुए धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में बैठी मोदी सरकार को पूजी पतियों की सरकार बताते हुए कहा कि सरकार की सारी नीतियां उद्योगपतियों और प्रधानमंत्री के मित्रों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। इस सरकार को गरीब ,मजदूर ,नौजवान, महिला तथा छात्रों के हितों से कोई मतलब नहीं रह गया है।जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा भाजपा विपक्ष की हर आवाज को दबाने के लिए किसी भी हद तक गिरने को तैयार है । वह नौजवानों को रोजगार नहीं दे पा रही वही जो सरकारी नौकरियां थी उन में कटौती करने का कार्य कर रहे, अग्निवीर जैसी हास्यप्रद परियोजनाएं लाकर केंद्र की सरकार यह साबित कर रही कि उसे नौजवान और किसानों से कोई लगाव नहीं है। एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह तथा अशोक सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी के राज में समाज का कोई भी वर्ग सुखी नहीं है कमरतोड़ महंगाई से आम आदमी के घर का बजट बिगड़ गया है।संचालन कर रहे महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा दूध, आटा ,दही, स्टेशनरी के समान आदि दैनिक जरूरतों पर जीएसटी लगाकर सरकार ने न केवल महंगाई बढ़ाई बल्कि आम आदमी को महंगाई के भारी बोझ तले दबाने का काम किया। प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू ने कहा व्यापारियों के लिए भाजपा द्वारा जो जटिल टैक्स प्रणाली लाई गई है उससे छोटे तथा मध्यमवर्ग का व्यापार चौपट होने की कगार पर आ गया है।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने तहसील प्रांगण के सामने जिला अध्यक्ष तथा कांग्रेसियों पर आज के प्रदर्शन के दौरान किए गए पुलिसिया अत्याचार की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा यह सरकार ऊपर से लेकर निचले स्तर तक अपने विरुद्ध उठी हर आवाज को तानाशाही तरीके से दबाने का कार्य कर रही। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा , पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह ,अनिल कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ,भगवान बहादुर शुक्ला, डॉ राजकुमार मौर्य, अब्दुल हकीम, रामसनेही निषाद राज देव बर्मा ,आशीष गुप्ता , रामेंद्र त्रिपाठी ,राम सागर रावत, मोहम्मद आरिफ, अनिल तिवारी ,अमरीश कुमार पांडे ,राम बहादुर सिंह, रामनरेश मौर्य ,रामकरन कोरी, इंद्रोहन यादव युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी ,विजय पांडे ,भीम शुक्ला ,दिनेश कुमार शुक्ला ,राजकुमार तिवारी ,शिव कुमार शुक्ला ,पारसनाथ यादव ,बृजेश रावत, रणविजय सिंह ,सभाजीत यादव, राम अभिलाष पांडे, अशोक कनौजिया, चंद्रपाल चतुर्वेदी, दयावती, उमेश उमेश उपाध्याय, रोहित यादव, द्वारिका पांडे आदि सम्मिलित रहे।

# उपचुनाव मे पूर्व प्रधान की पत्नी पर जनता ने जताया भरोसा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत इस्माईल नगर सिंहोरा प्रधान पद के चुनाव में स्व. पूर्व प्रधान सहदेव यादव की पत्नी पुष्पलता यादव ने जीत दर्ज किया है।उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आशा तिवारी को हरा कर अपने पति के अरमानों को पूरा कर दिया है।सोहावल की इस्माइलनगर सिहोरा ग्राम पंचायत की प्रधान पद सीट प्रधान सहदेव यादव की मृत्यु के बाद रिक्त थी ।कल हुए उप चुनाव में एक बार फिर पिछले चुनाव में रनर व विनर का परिवार आमने सामने आ गयास जिसमें विनर रहे स्व0 सहदेव यादव की पत्नी व पिछले चुनाव में रनर रही आशा तिवारी के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। जिसमें स्व0 यादव की पत्नी पुष्प लता यादव ने आशा तिवारी को 45 वोटों से हराकर अपने पति की धरोहर को बरकरार रखा।इस उप चुनाव में 1217 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कियास जिसमें विनर को 566 तथा रनर ने 525 मत मिलेस जिसमें पुष्प लता यादव ने 41 वोटों से जीत दर्ज किया है। मालूम हो कि बीते चुनाव मे स्व0 सहदेव यादव ने इन्ही प्रतिद्वन्द्वी से 22 वोट अधिक लेकर विजयी हुए थे। फरवरी माह में हृदयाघात से निधन होने के बाद खाली हुए पद पर दयावती तिवारी को कार्य वाहक ग्राम प्रधान नियुक्त किया गया था।इस हुए उप चुनाव में पूर्व प्रधान सहदेव यादव के निधन की सहानुभूति की लहर तथा गांव वासियों ने गांव में स्व0 यादव के द्वारा किये गए कार्यो को देखकर एक बार फिर से उनके परिवार पर भरोसा जताया है।आज चुनाव में हुई जीत के बारे में पूछे जाने पर प्रधान जी भावुक हो गयीसआज मिली जीत की खुशी से ज्यादा पति का न होने का दर्द पूरी तरह झलक रहा था।

## हवस का शिकार बनाने में नाकामयाब रहा अभियुक्त हंसीए से प्राणघातक हमला करने वाला अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) महाराजगंज थाना अंतर्गत ग्राम मलिक पट्टी तार गोहान निवासी 22 वर्षीय सरिता पांडे को अपने हवस का शिकार बनाने में नाकामयाब रहा अभियुक्त हंसीए से प्राणघातक हमला करने वाला अभियुक्त शत्रुघन यादव हुआ गिरफ्तार प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 4 अगस्त दिन बृहस्पतिवार को घर से खेत में चारा लेने गई बालिका को बगल गांव छतरा निवासी शत्रुघन यादव पुत्र राम नारायण यादव द्वारा जबरन बालिका के साथ दुराचार करने में नाकामयाब रहे अभियुक्त द्वारा बालिका के गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया गया जिसका उपचार लखनऊ में चल रहा है घटना का पर्दाफाश करने के लिए थाना अध्यक्ष महाराजगंज दिनेश कुमार सिंह ने तत्परता दिखाते हुए 20 घंटे में अभियुक्त को देवगढ़ पुलिया के पास से शुक्रवार पांच अगस्त २०२२ को प्रातः 6:00 बजे गिरफ्तार कर लिया गया।

# घर–घर तिरंगा लगाकर मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रुदौली क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सीवन वाजिदपुर में छात्रों व अभिभावकों की बैठक में प्रधानाध्यापक श्री मोहम्मद अहमद ने छात्रों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा की कि देश अपनी आजादी के 75वे वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है।इसके अंतर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 11 अगस्त से 17 अगस्त तक राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक तिरंगे झंडे को सभी लोग घरों पर लगाकर कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाएं।आजादी में सपूतों के योगदान पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की यह आजादी हमें बहुत ही मुश्किल से मिली है ।इस आजादी के लिए हजारों वीर शहीद हुए ।लाखो वीरों ने जेल में रह कर तरह तरह की यातनाएं झेली ।हमें इस आजादी को हर हाल में बरकरार रखना है।देश की प्रगति, खुशहाली मजबूती में अपना योगदान देते रहना है।उन्होंने छात्रों व अभिभावकों के साथ ही क्षेत्रीय जनता से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। बैठक में मास्टर वकारुल हसन, डॉ0 प्रदीप सिंह, मास्टर उजेर अहमद, एसएमसी अध्यक्ष रामराज आदि लोग उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा केन्द्रों पर होगी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की बीए, बीएससी व बीकॉम भाग–एक प्रथम सेमेस्टर (माइनर) वर्ष, 2022 के परीक्षा में अनुपस्थित व अनुतीर्ण अभ्यर्थियों की परीक्षा 27 अगस्त को दो पालियों में होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन अभ्यर्थियों को सुविधा प्रदान की जा रही जिन्होंने द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा हेतु आनलाइन फार्म भरने के साथ ही प्रथम सेमेस्टर की माइनर परीक्षा में शामिल होने के लिए आनलाइन फार्म भरा है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह के निर्देश पर छात्रहित को देखते हुए बीए, बीएससी व बीकॉम भाग–एक प्रथम सेमेस्टर (माइनर) की परीक्षा में अनुपस्थित व अनुतीर्ण अभ्यर्थियों की परीक्षा 27 अगस्त, 2022 को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित केन्द्रों पर होगी। इसमें वही अभ्यर्थी शामिल होंगे जिन्होंने द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा हेतु आनलाइन फार्म भरने के साथ ही प्रथम सेमेस्टर की माइनर परीक्षा में शामिल होने के लिए आनलाइन फार्म भरा है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक होगी। इसमे हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत उर्दू, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, सैन्य विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, फाइन आर्ट, दर्शन शास्त्र एवं राजनीति शास्त्र की परीक्षा होगी। वही दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक होगी। इसमें शिक्षा शास्त्र, इतिहास, संगीत, समाजकार्य, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, पर्यावरण विज्ञान, माइक्रोबायोलॉजी, इलेक्ट्रानिक्स, जियोलॉजी, बायोकमेस्ट्री, कम्प्यूटर साइंस, कामर्स–प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ, फण्डामेंटल्स ऑफ इंफारमेशन टेक्नोलॉजी, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, एक्सटेशनल एक्टीविज एण्ड रूरल डेवलपमेंट, इंण्डियन कांस्टीट्यूशन व हिस्ट्री ऑफ अयोध्या की परीक्षा होगी। उक्त परीक्षा कार्यक्रम से आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को अवगत कराने के साथ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करा दिया गया है।

## घर में घुसकर महिला से सोने की तीन अंगूठी समेत 35 हजार लूटकर फरार हुए बदमाश

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : शहर के गांधी कॉलोनी में दिनदहाड़े घर में घुसकर बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश महिला संतोष देवी से तीन सोने की अंगूठी और करीब 35 हजार रुपये लूट ले गए। वारदात के बाद बदमाश भागे तो महिला ने शोर मचाया। वहीं इस सनसनीखेज घटना से लोगों में दहशत फैल गई है।इसके बाद सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए। वहीं कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, एसएसपी विनीत जायसवाल मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।